आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–06 अक्टुबर 2023 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट खून आज कई लोगों की जिंदगी बचा सकता है। श्री योगी ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन सत्रह सितंबर से गांधी जयंती– दो अक्टूबर तक चले सेवा पखवाड़ा के तहत पूरे प्रदेश में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिनमें लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रदेश में पच्चीस हजार यूनिट खून का संग्रह किया गया। मुख्यमंत्री आज लखनऊ में इंडियन सोसायटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनो–हिमैटोलॉजी के अड़तालीसवें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसकॉन–दो हजार तेईस का शुभारम्भ कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर के बीच में सेवा पखवाड़ा का एक बड़ा कार्यक्रम चला है और मुझे प्रसन्नता है कि केवल सेवा पखवाड़ा के दौरान ही उत्तर प्रदेश में 25 हजार यूनिट ब्लड कलेक्शन हुआ और इसमें कई गुना लोगों ने अपने ब्लड ग्रुप की जांच करवा कर के वहां सुरक्षित रखवाया। जो ब्लड ग्रुप है लोगों के लिये ही महत्वपूर्ण है कि उससे हम आवश्यकता होने पर ही वहां पर उससे डोनेट करवाया और इस प्रकार के बड़े कार्यक्रम समय–समय पर चलते हैं। अगर डोनेट्री डोनेशन के लिये हम लोगों को तैयार करें, इसमें स्कूल–कॉलेजेज को देने के साथ ही विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों का योगदान, सामाजिक संगठनों को जोड़ना, धार्मिक संगठनों को जोड़ना, समय–समय पर उनके बीच में सभा आयोजित करना ये शुरूआत अगर यहां से होती है तो मेरा मानना है कि जो कमी है अभी भी इस कमी को तो हम दूर कर ही पायेंगे लेकिन यह एक नयी शुरूआत होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सम्मेलन से जुड़ी स्मारिका का विमोचन किया और ब्लड बैंकिंग के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों को भी सम्मानित किया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के अन्य जंगलों में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर वन्य जीवों के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करना होगा। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश आज ईको पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उनकी सरकार आगे भी कार्य करती रहेगी। मुख्यमंत्री आज पीलीभीत के मुस्तफाबाद में 'वन्य प्राणी सप्ताह' के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वन्य जीव संरक्षण और सतत ईको पर्यटन विकास कार्यशाला का शुभारम्भ किया। साथ ही, विकास प्रदर्शनी का भी उद्‌घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन की सुविधाएं बढ़ाने के साथ–साथ वन्य जीवों की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या दोगुने से भी अधिक होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदेश के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉक्टर अरुण सक्सेना भी उपस्थित रहे।

****

उप–मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज गोरखपुर के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने बीआरडी मेडिकल कॉलेज में देवरिया प्रकरण में घायल बच्चे और उसके परिजनों से मुलाकात की। श्री पाठक ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच जारी है और वे खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। इसमें किसी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देवरिया जिले में रूद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में बीते सोमवार को जमीनी विवाद में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गयी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल ही इस प्रकरण में सख्त कार्रवाई करते हुए एसडीएम और डिप्टी एसपी सहित पंद्रह अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित किया है।

इसके अलावा, उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने आज गोरखपुर में स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर मंडल में जेई, एईएस और संचारी रोगों की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। इस अवसर पर गोरखपुर सदर सांसद रविकिशन भी उपस्थित रहे।

****

वाराणसी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी बीएचयू ने आज अपना बारहवां दीक्षांत समारोह मनाया। इसमें संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के एक हजार छः सौ साठ मेधावी विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गईं। दीक्षांत समारोह में 66 विद्यार्थियों को 106 स्वर्ण सहित 108 पदक प्रदान किये गए जबकि 192 शोधार्थियों को डॉक्टरेट की डिग्री दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन–डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी. कामत ने छात्र–छात्राओं को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

****

भारतीय वायु सेना आठ अक्टूबर को अपनी 91वीं वर्षगांठ पर प्रयागराज में भव्य एयर शो का आयोजन करेगी। समारोह से पहले आज प्रयागराज में परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल और एयर शो आयोजित किया गया। आठ अक्टूबर को होने वाले एयर शो में सौ से अधिक लड़ाकू विमान संगम के ऊपर हवाई करतब दिखाएंगे।

****